भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

परीक्षा की तारीख -------------------

**पारंगत परीक्षा - मई 2016**

**प्रश्न पत्र - प्रथम**

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

---

1. नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं 10 हिंदी शब्दों के अंग्रेजी पर्याय लिखिए और हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए । (15 अंक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. निलंबित | 2. चल संपत्ति | 3. नगद पुरस्कार | 4. सवेतन छुट्टी |
| 5. उपभोक्ता | 6. प्रतिपूर्ति | 7. सावधिक विवरणी | 8. समायोजन |
| 9. साक्ष्य | 10. राष्ट्रीयकरण | 11. उत्पादकता | 12. प्रतिहस्ताक्षर |

2. निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद करें । (15 अंक)

1. इस राशि का समायोजन किया जाए ।
2. पट्टे का नवीनीकरण करें ।
3. सूचना के अधिकार का तत्काल उत्तर दें ।
4. वित्तीय अनुमोदन के लिए आंतरिक वित्त प्रभाग को भेजा जाए ।
5. इस उद्देश्य के लिए एक समिति गठित की जाए ।
6. यह राशि तीस समान किश्तों में काटी जाएगी ।
7. आपातकालीन चिकित्सा प्रमाण पत्र संलग्न किया जाए ।
8. निविदा प्रक्रिया शीघ्र शुरु की जाए ।
9. इस संबंध में एक बैठक का आयोजन किया जाए ।
10. कुछ कंपनियां बाजार पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं ।

3. निम्नलिखित में से किन्ही दो स्थितियों पर यथा निदेशित मसौदे तैयार करें । (20 + 20 अंक)

(क) पशुपालन अनुसंधान केंद्र, बरेली के निदेशक की ओर से एक पत्र आपके कार्यालय में प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने अपने कार्यालय के 30 अधिकारियों के लिए 'प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम' को अपने परिसर में ही करवाने का अनुरोध किया है । उक्त प्रस्ताव पर अपने अभिमत सहित टिप्पणी प्रस्तुत करें तथा पशुपालन अनुसंधान केंद्र को भेजे जाने वाले पत्र का मसौदा भी प्रस्तुत करें।

(ख) आपके मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट का प्रकाशन 31 मार्च से पहले किया जाना है । इस रिपोर्ट के प्रकाशन हेतु संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों से आवश्यक सूचनाएं मांगी गई हैं लेकिन कुछ कार्यालयों से ये सूचनाएं अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं । कार्य की प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए मांगी गई सूचना अविलंब भिजवाने का अनुरोध करते हुए एक टिप्पणी एवं अर्ध सरकारी पत्र का मसौदा प्रस्तुत करें ।

(ग) शिकायत मिली है कि कार्यालय में स्थापित एयर कंडीशनरों के रख-रखाव के लिए जिस फर्म को अनुबंध दिया गया है वह फर्म अपना काम ठीक से नहीं कर रही है । वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए अपने विभागाध्यक्ष को टिप्पणी प्रस्तुत करें जिसमें उस फर्म का अनुबंध निरस्त करने की सिफारिश की जाए । अनुमोदित टिप्पणी के आधार पर फर्म के अनुबंध को निरस्त करने संबंधी पत्र का मसौदा प्रस्तुत करें ।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो स्थितियों पर टिप्पणी तैयार करें । (10 + 10 अंक)

(क) आपके कार्यालय में प्रशिक्षण एवं कार्यालय प्रयोग हेतु 30 कंप्यूटर लगाए गए हैं । इन कंप्यूटरों की वारंटी 31-5-2016 को समाप्त हो रही है । इन कंप्यूटरों के वार्षिक रख-रखाव (ए.एम.सी.) के लिए निविदाएं आमंत्रित करने हेतु नियम एवं शर्तों सहित एक टिप्पणी प्रस्तुत करें ।

(ख) आपके कार्यालय में रिक्त पदों को भरने के लिए तीन सहायकों का चयन कर्मचारी आयोग द्वारा कर लिया गया है । इन चयनित उम्मीदवारों की चिकित्सीय जांच,चरित्र तथा पूर्ववत्त सत्यापन एवं उन्हें नियुक्ति प्रस्ताव भेजने संबंधी टिप्पणी प्रस्तुत करें ।

(ग) केंद्रीय सिविल सेवा क्रीड़ा बोर्ड द्वारा महिला कर्मियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना
है । संबंधित सहायक द्वारा प्रतियोगिता आयोजित करवाने हेतु पूर्ण विवरण के साथ एक स्वत:पूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करें ।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय देते हुए हिंदी वाक्य दुबारा बनाएं । (10 अंक)

1. श्री क ख ग सहायक का वेतन सेलेक्शन ग्रेड में वेतनमान----------में फिक्स किया जाता है ।
2. श्री रामलाल की पोस्टिंग इस्टेब्लिशमेंट सेक्शन में की जाती है ।
3. इस सर्कुलर को इशू कर दें ।
4. टेंपोरेरी स्टाफ का ट्रांसफर न किया जाए ।
5. एक्सपोस्ट फैक्टो फाइनेंशियल स्वीकृति दे दें ।

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

परीक्षा की तारीख -------------------------

**पारंगत परीक्षा- मई 2016**

**प्रश्न पत्र - द्वितीय**

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 100

---

1. नीचे दिए गए अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं दस शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए:- (15 अंक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. Appointment | 2. Assessment | 3. Bond | 4.Category |
| 5. Encashment | 6. Justification | 7. Ex-post-facto | 8. Agenda |
| 9. Emoluments | 10. Gratuity | 11. Competent Authority | 12. Licence |

2. निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें :- (15 अंक)

1. Leave encashment can be with held.
2. Ex-parte proceeding.
3. Discrepancy may be reconciled.
4. Early orders are solicited.
5. Further orders will follow.
6. House building advance may be sanctioned.
7. Need no comments.
8. Office to note and comply.
9. Please make a special note of this decision.
10. The file in question is placed below.

3. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हीं दो पर यथा निदेशित मसौदे तैयार करें:- (20 +20 अंक)

(क) श्रीमती -------------- अनुभाग अधिकारी ने अपनी अमेरिका निवासी पुत्री से मिलने जाने के लिए 55 दिन के अर्जित अवकाश एवं 15 दिन के अर्ध वेतन अवकाश के लिए आवेदन किया है । आवेदन के साथ उन्हौंने विदेश जाने की अनुमति भी मांगी है । टिप्पणी तैयार करते हुए छुट्टी की स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार करें ।

(ख) पर्यटन मंत्रालय द्वारा देशभर में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों के साथ एक योजना बनाई गई है । इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न समाचार पत्रों और टी.वी. चैनलों पर इसका विज्ञापन देने के लिए एक टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए इस संबंध में जारी होने वाले पत्र का मसौदा प्रस्तुत करें ।

(ग) श्रीमती ------------------ उच्च श्रेणी लिपिक का निधन सेवा के दौरान हो गया है । उनकी मृत्यु सह सेवानिवृत्ति मामले का निपटान करते हुए सहायक स्तर पर टिप्पणी प्रस्तुत करें तथा वेतन तथा लेखा कार्यालय को भेजे जाने वाले पत्र का मसौदा तैयार करें ।

4. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हीं दो पर मसौदा तैयार करें। (10 +10 अंक)

(क) आपके मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय को संगोष्ठी आयोजित करने के लिए उनकी मांग के आधार पर रु0 30,000/- की राशि की मंजूरी देते हुए आदेश का मसौदा प्रस्तुत करें ।

(ख) आपके कार्यालय में आर.टी.आई. से संबंधित शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं । इन सभी सूचनाओं को एकत्र कर उन्हें निर्धारित समयावधि के भीतर संबंधित को उपलब्ध कराने में काफी श्रम और समय का व्यय हो रहा है । अत: सभी कार्मिकों को अपनी फाइलों और अभिलेखों को अद्यतन करने संबंधी कार्यालय आदेश का मसौदा प्रस्तुत करें ताकि आर.टी.आई. से संबंधित सूचना समय पर उपलब्ध कराई जा सके ।

(ग) अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल का अकस्मात निधन हो जाने के कारण नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक असम के राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपे जाने के संबंध में एक अधिसूचना का मसौदा प्रस्तुत करें ।

5. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 10-15 वाक्यों में अपने विचार प्रकट करें:- (10 अंक)

(क) बेरोजगारी की समस्या का समाधान

(ख) राजभाषा के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याएं

(ग) धार्मिक सहिष्णुता